जमदग्नि पब्लिक स्कूल

लेखक गाँव में सुमित्रानंदन पंत जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्यार्थियों की प्रेरक सहभागिता

प्रकृति के सुकुमार एवं छायावादी कवि श्री सुमित्रानंदन पंत जी की जयंती के शुभअवसर पर आयोजित 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' में भाग लेने के लिए आज दिनांक 23.05. 26, लेखक गाँव, देहरादून में हमारे 'जमदग्नि पब्लिक स्कूल' के लगभग 60 बच्चों ने सफलता पूर्वक प्रतिभाग किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध कवि, साहित्यकार एवं रामकथा वाचक श्री कुमार विश्वास जी ने अपनी ओजस्वी वाणी में संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा " हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी पर शर्म नहीं गर्व करना चाहिए । आज हिन्दी भाषा का विश्वभर में चमत्कारिक एवं तीव्रगति से प्रचार-प्रसार हो रहा है। हिन्दी भाषा के उत्थान में कौशानी में जन्में श्री सुमित्रानंदन पंत जी का योगदान अविस्मरणीय है।" कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भारत सरकार के पूर्व शिक्षामंत्री श्री रमेश पोखरियाल जी ने कहा कि लेखक गाँव में प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में कवि, साहित्यकार, लेखक यहाँ आकर अपने विचारों को शब्दों-वाक्यों का रूप देकर अपने आप को धन्य समझ रहे हैं। कार्यक्रम को अनेक कवियों, साहित्यकारों के साथ-साथ लेखक गाँव की मुख्य विशिष्ट चिंतक श्री मती विदूषी निशंक जी ने भी अपनी भावपूर्ण शैली से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में पहुँचकर उत्तराखंड के राज्यमंत्री आदरणीय श्री ओमप्रकाश जमदग्नि जी ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मीना ठकराल, राजेश शर्मा, अनीता चौधरी, एवं पंकज कुमार ने भी सहभाग किया। सभी आगन्तुक प्रकृति की गोद में स्थित 'लेखक गाँव' की मुक्त-कंठ से प्रशंसा कर रहे थे।